<u>प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 28 अगस्त 2024</u>

(1) **<u>माननीय राज्यपाल ने रामगढ़ जिलान्तर्गत पंचायत सचिवालय, कुजू पूर्वी, प्रखंड-माण्डू में ग्रामीणों के साथ संवाद किया।</u>**

<u>उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय द्वारा विभिन्न योजनान्तर्गत लाभुकों के मध्य परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।</u>

<u>उन्होंने लोगों से शिक्षा की स्थिति के संदर्भ में पृच्छा करते हुए उन्हें अपने बच्चों को शिक्षित करने हेतु प्रेरित किया।</u>
<u>राज्यपाल महोदय ने पंचायत सचिवालय, कुजू पूर्वी में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया।</u>

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज रामगढ़ जिलान्तर्गत पंचायत

सचिवालय, कुजू पूर्वी, प्रखंड-माण्डू में ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए कहा कि सरकार द्वारा लोगों के विकास हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। हमारा प्रयास है कि लोगों को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो और राज्य प्रगति करें। सरकार की इन विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई पात्र व्यक्ति वंचित तो नहीं रह रहे हैं, इसके लिए वे स्वयं ग्रामीणों के बीच जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा माताओं-बहनों को 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया जा रहा है। आज देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। हमारे देश ने वैश्विक कोरोना महामारी

की चुनौती का सबसे कुशलतापूर्वक व बेहतर ढ़ंग से सामना किया है।

राज्यपाल महोदय ने स्थानीय लोगों से वहां व्याप्त शिक्षा सुविधा के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें अपने बच्चों को शिक्षित करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि सरकारी विद्यालय में संतोषप्रद पढ़ाई नहीं है तो इससे अवगत कराएं। राज्यपाल महोदय ने कहा कि दूषित पानी पीने से गंभीर बीमारियां होती हैं। इसलिए हर घर को नल से स्वच्छ जल मिले, इस दिशा में केंद्र सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छ पेयजल की सुलभता की जानकारी प्राप्त की।

एक स्थानीय पत्रकार द्वारा क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या पर ध्यान आकृष्ट कराने पर राज्यपाल महोदय ने उपायुक्त, रामगढ़ से

इस सन्दर्भ में पूछा। उपायुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि यह माईनिंग क्षेत्र है, प्रदूषण की समस्या को कम करने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। एक ग्रामीण द्वारा कहा गया कि कुजू में पानी की आपूर्ति निरंतर नहीं होती है, माह में लगभग 10 दिन ही पानी की आपूर्ति होती है। एक ग्रामीण महिला द्वारा यह अवगत कराया गया कि अबुआ आवास योजना का लाभ ऐसे व्यक्तियों को भी दिया जा रहा है, जो योजना हेतु पात्रता नहीं रखते हैं। राज्यपाल महोदय ने उन्हें लिखित रूप में यह जानकारी देने हेतु कहा, ताकि इसकी जाँच की जा सके। ग्रामीणों द्वारा यह भी कहा गया कि 10वीं के बाद यहाँ शिक्षा की सुविधा नहीं है, इसलिए महाविद्यालय की उपलब्धता होना आवश्यक है।

उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय ने विभिन्न योजनान्तर्गत यथा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना के लाभुकों के मध्य स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण किया। साथ ही उनके द्वारा लाभुकों के बीच हेल्थ कार्ड वितरण करने के साथ झारखंड राज्य आजीविका मिशन के तहत सखी मंडल के सदस्यों को 57 लाख की राशि का चेक प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त छात्र/छात्राओं के मध्य साइकिल का वितरण किया गया।

राज्यपाल महोदय ने पंचायत सचिवालय परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया।

उपायुक्त, रामगढ़ ने स्वागत भाषण करते हुए जिला प्रशासन द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार

की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति से अवगत कराया।

(2) **<u>माननीय राज्यपाल ने मॉडल आंगनबाड़ी नर्सरी स्कूल केंद्र, प्रखण्ड-चुरचू, हजारीबाग का अवलोकन किया।</u>**

इसके उपरांत राज्यपाल महोदय ने मारसल प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति लि० उत्पादक केन्द्र, पंचायत-बहेरा, प्रखण्ड-चुरचू, हजारीबाग का अवलोकन किया और बुनकर सहयोग समिति के सदस्यों के साथ संवाद किया।

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने रामगढ़ में ग्रामीणों से संवाद के उपरांत मॉडल आंगनबाड़ी नर्सरी स्कूल केंद्र, प्रखण्ड-चुरचू, हजारीबाग का अवलोकन किया। राज्यपाल महोदय वहाँ बच्चों से मिले तथा वहाँ बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

इसके पश्चात राज्यपाल महोदय ने मारसल प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति लि० उत्पादक केन्द्र, पंचायत-बहेरा, प्रखण्ड-चुरचू, हजारीबाग का अवलोकन किया और बुनकर सहयोग समिति के सदस्यों के साथ संवाद किया एवं उनके उत्पादों के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल महोदय ने बुनकर सहयोग समिति के सदस्यों की सराहना की।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि बुनकर सहयोग समिति के कार्य हमारी बहनों के हित में ध्यान में रखते हुए हो। उन्होंने कहा कि हमारी बहनों की आय में वृद्धि हो, ऐसा प्रयास हो। राज्यपाल महोदय ने कहा कि वे बुनकरों की कार्यप्रणाली व समस्याओं से अवगत हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी व गुणवत्तापूर्ण बुनकर की मांग बाजार में बहुत

है। इस क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने बुनकरों को प्रोत्साहित किया तथा कहा कि वे अपनी समस्याओं को लिखकर राज भवन में प्रेषित कर सकती हैं।

राज्यपाल महोदय के समक्ष बुनकर सहयोग समिति के सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किए।